दैनिक जागरण

डीपीएस स्कूल में युवा संसद का आयोजन

संवाद सहयोगी, बादशाहपुर: मारुति कुंज स्थित डीपीएस स्कूल में युवा संसद का आयोजन किया गया। इसमें 8वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूरे माहौल को देश की असली संसद की तरह तैयार किया गया। किसी छात्र ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई तो कोई स्पीकर की भूमिका में नजर आया। कई छात्र विपक्ष के नेता के रूप में भी दिखाई दिए।

स्कूल के प्रिंसिपल अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह की युवा संसद के आयोजन से छात्रों में कानून के प्रति जागरूकता पैदा होती है। वहीं छात्र-छात्राओं को संसद की गरिमा के बारे में जानकारी मिलती है। देश में लागू होने वाले कानून किस तरह बनाए जाते हैं और उन्हें किस तरह से लागू किया जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं को काफी जानकारी मिली।

डीपीएस स्कूल में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में हिस्सा लेते प्रतिभागी विद्यार्थी • जागरण

युवा संसद में अनुच्छेद 370 को लेकर पक्ष विपक्ष में जमकर बहस हुई। जम्मू-कश्मीर इसे हटाए जाने को लेकर जहां सत्ता पक्ष ने अपना सुझाव रखा। वहीं, विपक्ष इस मुद्दे को लेकर चर्चा में शामिल हुआ। अफस्पा कानून को लेकर भी चर्चा हुई। रक्षा मंत्री की भूमिका निभा रहे छात्र ने सभी सवालों का बेबाकी से जवाब दिया।

11वीं कक्षा के राज श्रीवास्तव ने सदन में स्पीकर की भूमिका निभाई तो दसवीं कक्षा के प्रतीश चटर्जी प्रधानमंत्री की भूमिका में थे। 11वीं कक्षा के मानस झा गृहमंत्री, आशिमा यादव रक्षा मंत्री, नौवीं कक्षा की प्रज्ञा वित्त मंत्री, आठवीं कक्षा के सारांश पांडे विदेश मंत्री, 11वीं कक्षा की छात्रा आशय मानव संसाधन विकास मंत्री, 11वीं कक्षा की दीपिका राघव कपड़ा मंत्री बने। आठवीं कक्षा के करण रेल मंत्री, 11वीं कक्षा के अंशुल भारद्वाज पशुपालन मंत्री की भूमिका मे रहे। विपक्ष के नेताओं की भूमिका में अभिलक्षण धनकड़ सोनिया गांधी, शुभम यादव राहुल गांधी, संस्कार पांडे ओवैसी और अहजम अखिलेश यादव की भूमिका में रहे।

. डॉ. विजय लक्ष्मी कुल्हरि

BACK